# Memorandum of Understanding

## कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स

## एवं

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के मध्य

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (**CAIT**) एवं राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के मध्य निम्नलिखित बिन्दुओं पर आपसी सहमति के आधार पर कार्य करने के लिए आज दिनांक 19-10-2019 को एक **MOU** पर हस्ताक्षर किये गये।

**CAIT** देश के व्यापारियों के हितों को कार्य करने वाली राष्ट्रीय स्तर की शीर्षस्थ संस्थाओं में से एक है, जो ट्रेडिंग समुदाय को सर्वोत्तम सहायता प्रदान करने के साथ व्यापारियों की वैध शिकायतों के निवारण के लिए संबंधित प्रशासन के बीच कार्य करती है। व्यापारिक समुदाय से संबंधित मुद्दों पर नवीनतम जानकारी देने के लिए सेमिनार, सम्मेलन और व्याख्यान का आयोजन करना एवं उन्हें जानकारी देने का कार्य करती है।

**RVSKVV, Gwalior** की स्थापना 19 अगस्त 2008 को म.प्र. शासन के अध्यादेश द्वारा हुई थी प्रदेश में कृषि शिक्षा, कृषि अनुसंधान एवं विस्तार के क्षेत्र में सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। इन 10 वर्षों में विश्वविद्यालय ने अभूतपूर्व प्रगति की है, जिससे प्रदेश के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

दोनों पक्षों द्वारा विचार-विमर्श के बाद स्वरोजगार एवं व्यापार के क्षेत्र में विद्यार्थियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निम्न बिन्दुओं पर सहमति प्रदान की गई।

1. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के साथ मिलकर के छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप खड़ा करने में मदद विश्वविद्यालय करेगा उन्हें नोलेज, केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ, वित्तीय सहयोग दिलाने में मदद करेगा। इसके लिए समय-समय पर सेमिनार, स्टार्टअप समिट आयोजित किये जायेंगे। जिसमें मध्यप्रदेश के निवेशकों युवाओं उद्यमियों को आमंत्रित किया जायेगा ताकि वे कृषि के क्षेत्र में उद्योग एवं व्यापार स्थापित कर सकें एवं कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों की शिक्षा को लेकर नये उद्योग व्यापार की संभावनाओं को तलाशें और उन्हें आगे बढ़ायें।

2. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश कृषि मंत्रालय भारत सरकार से एवं कृषि मंत्रालय मध्यप्रदेश सरकार से समन्वय स्थापित करके विश्वविद्यालय के विकास हेतु केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लाने में मदद करेगा सिके लिए फोलोअप करेगा एवं राष्ट्रीय राज्य स्तर पर अपने प्रयासों से विश्वविद्यालय के चहुँमुखी विकास के लिए कार्य करेगा।

3. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर ग्वालियर अंचल के जो गांव विश्वविद्यालय चयनित करेगा उन गांवों में स्वरोजगार के माध्यम उपलब्ध कराने में सहयोगी रहेगा।

4. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर एवं अटल बिहारी वाजपेयी सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंध संस्थान के साथ मिलकर 1000 कृषकों का जो प्रोजेक्ट डिजाइन कर रहे हैं उसमें सहभागी रहेगा एवं **CSC, HDFC** स्मार्ट कार्ड में सहयोग के साथ जिन संस्थानों से कैट का अनुबंध है। उन संस्थानों को भी इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में सम्मिलित करेगा।

उपरोक्त बिन्दुओं पर कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति व्यक्त की।

| | |
|---|---|
| प्रतिनिधि<br>कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया<br>ट्रेडर्स एसोसिएशन | 19-10-19<br>प्रतिनिधि<br>राजमाता विजयाराजे सिंधिया<br>कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर<br>Director Research Services<br>R.V.S.K.V.V., Gwalior (M.P.) 474002 |